कार्यालयः— वन प्रमंडल पदाधिकारी, रामगढ़ वन प्रमंडल, रामगढ़।
Email id- dforamgarh@gmail.com
dfo-ramgarh@ gov.in, Mob No-9431142824

पत्रांक – 2126 दिनांक– 17/8/19

सेवा में,

कांतीरजंन पाल चौधरी,
आलोक स्टील इण्डस्ट्रीज प्रा0 लि0,
बुढाखाप, रामगढ़।

विषय :— मिनी स्टील प्लांट निर्माण हेतु मौजा—बुढाखाप अन्तर्गत 9.30 हे0 वन भूमि अपयोजन के संबंध में।

प्रसंगः— आपका पत्रांक—336 दिनांक 03.08.19

महाशय,

उपर्युक्त विषयक प्रसंगाधीन पत्र के संबंध में सूचित करना है कि विषयगत परियोजना अन्तर्गत वन भूमि अपयोजन से संबंधित प्रस्ताव की हार्ड प्रतियाँ इस कार्यालय में समर्पित की गई है। प्राप्त प्रस्ताव के अवलोकन एवं समीक्षोपरान्त निम्नलिखित त्रुटियाँ पाई गई है जो निम्नवत् हैः—

1. प्रस्ताव के साथ प्रस्तावित भूमि का संबंधित उपायुक्त द्वारा निर्गत FRA Certificate की प्रति संलग्न नहीं है।
2. प्रस्ताव के साथ प्रस्तावित भूमि का संबंधित उपायुक्त द्वारा निर्गत NOC की प्रति संलग्न नहीं है।
3. प्रस्ताव के साथ प्रस्तावित भूमि से संबधित ग्राम सभा की प्रति संलग्न नहीं है।
4. प्रस्तावित भूमि पर अवस्थित वृक्षो की गणना सूची संलग्न नहीं है।
5. प्रस्तावित वन भूमि के विरूद्ध क्षतिपूरक वनरोपण हेतु गैर वन भूमि की विवरणी संलग्न नहीं है।
6. प्रस्तावित वन भूमि के विरूद्ध क्षतिपूरक वनरोपण खर्च, एन0पी0भी0 समर्पित करने संबंधित सहमति पत्र प्रस्ताव के साथ संलग्न किया गया है जो स्पष्ट नहीं है।
7. Bare minimum use of forest land से संबंधित सहमति पत्र संलग्न नहीं है।
8. अन्य शर्त जो सरकार/विभाग द्वारा दिया जाएगा उसका अनुपालन करने संबंधी सहमति पत्र संलग्न नहीं है।

अतः प्रस्ताव की सभी प्रतियाँ मूल रूप में इस पत्र के साथ संलग्न कर वापस करते हुए आपको निदेशित किया जाता है कि उपरोक्त सभी त्रुटियों का निराकरण करते हुए त्रुटिरहित प्रस्ताव इस कार्यालय में समर्पित करना सुनिश्चित करे ताकि अग्रतर कार्रवाई की जा सके।

अनुलग्नकः— यथोक्त।

आपका विश्वासी,
15.8.19
वन प्रमंडल पदाधिकारी,
रामगढ।
17/8/19